




नवभारत

भोपाल, बुधवार 18 फरवरी 2026


# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में महिला ने की आत्महत्या

## पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा शव, पुलिस जांच जारी

- घर में दुपट्टे से फांसी लगाकर महिला ने दी जान
- घटना के समय बच्चे ट्यूशन पढ़ने गए हुए थे
- आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं, पुलिस कर रही जांच



**छतरपुर,17 फरवरी. शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत संकट मोचन पहाड़ी स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.**

जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय सीमा सेन ने दोपहर करीब 4:30 बजे अपने घर में दुपट्टे से फांसी लगा ली. घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. रोशन द्विवेदी ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने शव को मॉर्चरी में रखवाया है.बताया जा रहा है कि घटना के समय महिला के बच्चे ट्यूशन पढ़ने के लिए बाहर गए हुए थे. बड़ी बेटी ने सबसे पहले अपनी मां को फांसी पर लटका देखा और तुरंत पिता संतोष सेन को फोन कर सूचना दी.

> सूचना मिलते ही वे अपनी दुकान से घर पहुंचे, पत्नी को नीचे उतारा और तत्काल अस्पताल लेकर गए, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी. पति संतोष सेन ने बताया कि उनकी शादी को लगभग 13 वर्ष हो चुके हैं और तीन बच्चे हैं. परिवार में किसी बड़े विवाद की जानकारी सामने नहीं आई है, जिससे आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है. घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी.

## खड़ेहा पंचायत पर गौरीहार जनपद संबंधित अधिकारियों का बड़ा तालमेल

**चंदला, 17 फरवरी.** गौरीहार जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़ेहा में निर्माण का ध्वस्त हो रहे, कुछ निर्माण कार्य कई वर्षों से अधूरे पड़े है, जैसे आंगनवाड़ी पंचायत में अधूरी पड़ी है, लेकिन जनपद के अधिकारियों की कमीशनखोरी के चलते कोई कार्यवाही नहीं हो रही है, लगातार उपयंत्री द्वारा मूल्यांकन भी किए जाते है, कई बार अलग अलग संस्थानों से खबरें प्रकाशित हुई है अधिकारियों आकर जांच की और सीसी निर्माण कार्य लगातार मिट्टी की तरह टूट रही है जो सीसी रोड टूटने पर साफ नजर आ रहा है कि मटेरियल गुणवत्ता पूर्ण नहीं डाला गया है, कोर कटिंग क्यूब टेस्ट करवाया गया.

# दुकानदारों ने जनसुनवाई में अपनी समस्या बताई



**छतरपुर ,17 फरवरी. नगर में मंगलवार को दोपहर करीब 12:30 बजे शुक्रवारी हाट बाजार के दुकानदारों ने कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचकर आवेदन सौंपा. उन्होंने प्रशासन को अवगत कराया कि हाल ही में उनकी दुकानों को नए स्थान पर शिफ्ट किया गया है.**

जहां ग्राहक नहीं आ रहे हैं, जिससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है.दुकानदारों का कहना है कि वर्षों से जिस जगह पर हाट बाजार लगता आया था, वहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती थी और बिक्री अच्छी होती थी. लेकिन नई जगह पर पर्याप्त भीड़ नहीं होने के कारण उनकी रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है.

कई दुकानदारों ने बताया कि दैनिक आय में भारी गिरावट आई है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है.उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि या तो उन्हें पुरानी जगह पर दुकान लगाने की अनुमति दी जाए या सभी को एक व्यावसायिक दृष्टि से उपयुक्त नया स्थान एक साथ उपलब्ध कराया जाए. दुकानदारों ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन उनकी समस्या का जल्द समाधान करेगा, ताकि छोटे व्यापारियों की आजीविका सुरक्षित रह सके.

# कोठा बैराज की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले विधायक



नवभारत न्यूज

**कुरवाई,कोठा बैराज परियोजना से जुड़ी किसानों की समस्याओं को लेकर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने किसानों से किया गया अपना वादा निभाया.**

पूर्व में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के निरीक्षण दौरे के दौरान मंत्री सिलावट और विधायक हरि सिंह सप्रे ने किसानों को आश्वासन दिया था कि वे उनकी समस्याओं को लेकर शीघ्र ही मुख्यमंत्री से भेंट कर समाधान कराएंगे.इसी क्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट एवं विधायक हरि सिंह सप्रे के नेतृत्व में ग्राम कोठा के 21 सदस्यीय किसान प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आत्मीय भेंट कराई.

इस दौरान किसानों ने कोठा बैराज डैम परियोजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और अपनी व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराया.

विधायक हरि सिंह सप्रे ने किसानों की ओर से डैम क्षेत्र में लगभग 10 फीट ऊंचा पुल बनाए जाने की मांग रखी, जिससे ग्रामीणों का वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से हो सके.

## निशुल्क विशाल नेत्र एवं जांच शिविर 19 को

नवभारत न्यूज

**पठारी, 17 फरवरी.** सद्गुरु सेवा ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 19 फरबरी गुरुवार को पठारी में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जैन पाठशाला में विशाल नेत्र एवं जांच शिविर एवं मोतियाबिंद ऑपरेश का शिविर लगाया जा रहा है.संत सुधासागर समिति के सदस्य आशीष सहेले एवं अतुल कठरया ने बताया कि नेत्र रोगों संबंधी समस्त प्रकार की जांच की जाएगी.जांच के दौरान ऑपरेशन लेंस, मुफ्त दवाइयां, काला चश्मा, वाहन सुविधा नि:शुल्क रहेगी.शिविर में जिन मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन होगे उन्हें आधार कार्ड की फ़ोटो कॉपी एवं मोबाइल नंबर लेकर आना होगा.

# शराबी युवक ने लोगों से जबरन पैसे मांगे



**छतरपुर,17 फरवरी. नगर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र स्थित छत्रसाल चौक पर बीते दिनों एक शराबी युवक द्वारा राहगीरों और दुकानदारों से जबरन पैसे मांगने और हंगामा करने का मामला सामने आया. आरोपी ने कई देर तक क्षेत्र में उत्पात मचाया.**

जिससे स्थानीय लोग डर और आक्रोश में आ गए.घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की. सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ वैधानिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया. मंगलवार को दोपहर करीब 1 बजे पुलिस ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कदम उठाए गए हैं.पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी. साथ ही क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और आम नागरिक सुरक्षित वातावरण में अपने कार्य कर सकें.

# छतरपुर मोहल्ले में अवैध शराब बिक्री रोकने की मांग



- पुलिस अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त होने के बाद जांच का
- आश्वासन दिया

**छतरपुर,17 फरवरी. नगर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 05 के निवासी दीपक हाटे ने मोहल्ले में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर मंगलवार को दोपहर करीब 2:30 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन दिया.**

आवेदन में दीपक हाटे ने बताया कि वार्ड क्रमांक 04 के निवासी मुकेश कोरी द्वारा वार्ड क्रमांक 05 क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेची जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल प्रभावित हो रहा है और स्थानीय लोग परेशान हैं.शिकायतकर्ता ने प्रशासन से अनुरोध किया कि मामले की जांच कर अवैध शराब बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे और आम नागरिकों को राहत मिल सके. पुलिस अधिकारियों ने आवेदन प्राप्त होने के बाद जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है.

# कंपनी द्वारा नहर को बंद करने से किसानों की फसलें डूबी

## नहर का पानी जाने से किसानों का भारी नुकसान





**चंदला, 17 फरवरी. चंदला क्षेत्र अंतर्गत रानीपुर तिगैला मुकुंदपुर के पास बरियारपुर नहर को सड़क निर्माण के दौरान त्रत्रत्रष्ट कंपनी द्वारा रोके जाने से बड़ा नुकसान हो गया.**

पानी का दबाव बढ़ने पर नहर अचानक फूट गई, जिससे आसपास के खेतों में खड़ी फसल जलमग्न होकर नष्ट हो गई। किसानों का आरोप है, कि कंपनी की लापरवाही से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है.

ग्रामीणों रामबमोरी सिंह, राजा साहू शिवकरन राजपूत, रामबली राजपूत, रामहेत राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क निर्माण के लिए नहर का पानी अस्थायी रूप से रोक दिया गया था, लेकिन न तो उचित निकासी की व्यवस्था की गई और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए। अचानक नहर टूटने से तेज बहाव खेतों में घुस गया और गेहूं, चना धनियां सहित अन्य फसलें पूरी तरह चौपट हो गईं। पीडि़त किसानों का कहना है कि घटना के बाद कंपनी का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा और अब तक किसी प्रकार का मुआवजा भी नहीं दिया गया है.

> नहीं शासन-प्रशासन की ओर से भी कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है, कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर नुकसान का आकलन किया जाए, पीड़ित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए, तथा सड़क निर्माण में बरती गई लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कंपनी पर कार्रवाई की जाए। GRTC कंपनी के द्वारा पुलिया निर्माण कार्य किया जा रहा है, कंपनी द्वारा न तो नहर के पदस्थ कर्मचारियों को सूचना दी गई कि पानी बंद किया जाए, बिना सूचना दिए हुए पानी के बहाव को रोक दिया गया जिससे साफ होता है कंपनी के द्वारा जानबूझ कर किसानों का नुकसान किया गया है.

## 779 तीर्थयात्रियों की यात्रा हेतु यापक तैयारियां

**विदिशा.** जिले से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रा पर जाने वाले 779 यात्रियों की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं. इस संबंध में अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय विदिशा द्वारा आदेश जारी कर विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. जारी आदेश के अनुसार तीर्थयात्रियों को विदिशा रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थित रूप से एकत्रित करना, उनके आवंटित रेल टिकटों का वितरण करना तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं.

## चंद्रकांत जैन और शास्त्री को बधाई

**पठारी.** विदिशा जिला केमिस्ट एसोसिएशन के चुनाव में सर्व सहमति से चंद्रकांत जैन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने एवं सचिव पद पर पुन: नवल किशोर शास्त्री के निरविरोध निर्वाचित होने पर पठारी के केमिस्ट साथियों ने उन्हें बधाई दी बधाई देने वालों में अरुण सहेले,राजेंद्र कुमार जैन,सुरेश कुमार जैन,अमित सहेले,सुबोध चौधरी,आशीष सहेले,बलराम बंसकार,अभिषेक यादव आदि ने बधाई दी.

# तहसील रोड का नामकरण डॉ. भीमराव अंबेडकर मार्ग



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, शहर का वलेजा पेट्रोल पंप से छत्री नाका तक की सड़क लिंक रोड अब अटल पथ के नाम से जाना जावेगा. जबकि लटेरी नाके से पोस्ट ऑफिस तिराहे तक की तहसील रोड का नाम भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर मार्ग होगा. नगरपालिका सिरोंज द्वारा शहर के चार प्रमुख मार्गों का नामकरण किया गया है.**

सीएमओ रामप्रकाश साहू ने बताया कि बीते दिनों नगरपालिका परिषद की बैठक में शहर के चार प्रमुख मार्गों के नामकरण किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी. इसके बाद अब इन सड़कों का नामकरण किया गया है. उन्होंने बताया कि शहर के वलेजा पेट्रोल पंप से छत्री नाका तक की सड़क लिंक रोड का नामकरण अटल पथ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग किया गया है. जबकि लटेरी नाके से पोस्ट ऑफिस तिराहे तक की सड़क तहसील रोड का नामकरण अब भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर मार्ग रखा गया है.

# त्योहारों को सौहार्द्रपूर्ण और भाईचारे से मनायें, बैठक में हुए निर्णय

नवभारत न्यूज

**पठारी, पुलिस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में तहसीलदार अभिषेक पांडेय और टीआई गजेंद्र सिंह बुंदेला मौजूद रहे.**

फरवरी एवं मार्च में होने वाले रमजान एवं होली,रंग पंचमी त्योहारों को लेकर शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने पर चर्चा हुई. टी आई गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि 2 मार्च की रात होलिका दहन होगा.इस दौरान विद्युत तारों और अन्य किसी नुकसान से बचाव के निर्देश दिए गए. हरे-भरे पेड़ न काटने की अपील की गई.भाई दूज को होली खेली जाएगी.

रंगपंचमी पर करीला मेले जाने वालों के वाहनों की व्यवस्था के लिए फार्म चौराहा और भालबामोरा चौराहे पर पुलिस बल तैनात रहेगा.

तहसीलदार अभिषेक पांडेय ने कहा कि विद्युत और जल आपूर्ति, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा.

# आरक्षक ने गलत परीक्षा केंद्र पहुंचे छात्र की मदद की

- सहायक केंद्राध्यक्ष सरिता चौरसिया ने भी इस पहल को सराहनीय बताया



**छतरपुर,17 फरवरी. सिटी कोतवाली में तैनात आरक्षक राजेश सिंह बागरी ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए एक छात्र का साल बचा लिया. छात्र गलती से गलत परीक्षा केंद्र पहुंच गया था और समय कम होने के कारण घबराया हुआ था.**

स्थिति की गंभीरता समझते हुए आरक्षक ने अपनी ड्यूटी साथी महिला आरक्षक को जिम्मेदारी सौंपी और छात्र को बाइक से करीब 4 किलोमीटर दूर स्थित सही परीक्षा केंद्र तक मात्र 5 मिनट में पहुंचा दिया, जिससे छात्र समय पर परीक्षा में शामिल हो सका.आरक्षक राजेश सिंह बागरी ने कहा कि छात्र की घबराहट देखकर उन्हें लगा कि उसका साल बचाना सबसे जरूरी है और उन्होंने सिर्फ अपना फर्ज निभाया.

# 125 हज यात्रियों का टीकाकरण

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, म.प्र. राज्य हज कमेटी के निर्देशानुसार जिले के हज यात्रियों का जिला स्तरीय टीकाकरण शिविर मंगलवार को सिरोंज में आयोजित किया गया.**

इस दौरान स्वास्थ विभाग के अमले की मौजूदगी में जिले के 125 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया. जानकारी देते हुए जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. रजी खान ने बताया कि विदिशा जिले के 125 हज यात्रियों का शत प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण हुआ. सिरोंज के साथ ही कुरवाई, विदिशा, लटेरी, गंजबासौदा आदि के हज यात्रियों का टीकाकरण कराया गया.

सुबह से ही डॉ. शुजा उल्ला बैग व डॉ. साजिदा कुरैशी सहित विदिशा और सिरोंज का स्वास्थ विभाग का अमला शिविर स्थल पर मौजूद रहा. जिसकी जिला हज कमेटी अध्यक्ष सैयद नदीम अली व हज यात्रियों ने प्रशंसा की. इस दौरान शिविर में बाहर से आने वाले लोगों के लिए फोटो कापी, फोटो आदि के लिए सुविधाऐं उपलब्ध कराई गई.

### सबसे कम उम्र की इरम जाएंगी हज

जिला हज कमेटी उपाध्यक्ष डॉ. रजी खान ने बताया कि 2026 में हज पर जाने वालों में सर्वाधिक उम्र के ग्यारसपुर निवासी 83 वर्षीय अफजल खान व सबसे कम उम्र की ग्राम भिडवासन विदिशा निवासी 18 वर्षीय इरम बेगम है. साथ ही जिले से सर्वाधिक हज पर जाने वाले सिरोंज से है.

**निर्देश** | कलेक्टर ने जनसुनवाई में पहुंचे 3 आवेदकों की पेंशन तत्काल स्वीकृत कराई

# तत्काल निराकरण का उदाहरण बनी जनसुनवाई

- पेंशन स्वीकृति से वृद्धजन के चेहरे पर आई मुस्कान




**छतरपुर. जिला स्तरीय जनसुनवाई बनी तत्काल निराकरण का उदाहरण। कलेक्टर पार्थ जैसवाल मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में चल रही जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए तीन आवेदकों की तत्काल पेंशन स्वीकृति के निर्देश दिए.**

जिसके पालन में अधिकारियों द्वारा तीनों वृद्धजन की पेंशन स्वीकृत की गई। जिसमें आवेदक छन्नू साहू उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत बरद्वाहा, दंपत्ति मदन मोहन सोनी उम्र 76 वर्ष एवं सावित्री सोनी उम्र 68 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 11 कछयाना मोहल्ला छतरपुर शामिल हैं। तत्काल पेंशन स्वीकृति आदेश प्राप्त कर आवेदकों के चेहरे पर मुस्कान आई और खुशी से उनकी आँखें नम हो गई। जिसके लिए उन्होंने कलेक्टर श्री जैसवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ नम: शिवाय अरजरिया, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे.

# 1.05 लाख की बिक्री में 60 हजार का लाभ मिला




नवभारत न्यूज

**सिरोंज, महाशिवरात्रि पर्व इस बार स्व सहायता समूहों के लिए विशेष सौगात लेकर आया. जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों विशेष रूप से सिरोंज के देवपुर सहित कांच मंदिर विदिशा, उदयपुर और मदागन में 70 स्व सहायता समूहों द्वारा दुकानें लगाई गई.**

जिसने महिलाओं के जीवन में आर्थिक सशक्तिकरण की नई रोशनी जगाई. इस पहल में करीब 70 स्व सहायता समूहों ने भाग लेकर विभिन्न पूजन सामग्री एवं घरेलू उत्पादों की बिक्री की.